No. of Printed Pages : 6 **ECO–14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## December, 2023

### ELECTIVE COURSE : COMMERCE

### ECO–14 : ACCOUNTANCY–II

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

***Note :*** (*i*) *Attempt* ***four*** *questions in all.*

(*ii*) *Question No.* ***1*** *is compulsory.*

---

1. Write short notes on the following : 5+5+4

   (a) Accounting Procedure of Inter- Department Transfer

   (b) Buy-back of shares

   (c) Revaluation Account

2. What is the meaning of branch account ? How many types of branches are there ? What are the rules of making record in them ? 3+4+5

3. Under what circumstances a firm is dissolved ? Explain the order of settlement and accounting procedure on dissolution of the firm. 6+6

4. A small trader sells his goods by adding 25% profit on its cost on Hire Purchase System. From the following information, prepare his Hire Purchase Trading Account for the year ending 31st March, 2022 : 12

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 1 April, 2021 | Hire purchase stock with customers (at hire purchase price) | 10,000 |
| 1 April, 2021 | Instalment overdue | 2,000 |
| 31 March, 2022 | Goods sold on hire purchase at cost price | 24,000 |
| 31 March, 2022 | Instalments overdue | 4,000 |
| 31 March, 2022 | Cash received from customers | 30,000 |
| 31 March, 2022 | Hire purchase stock with customers (at hire purchases price) | 8,000 |

5. Write a short note on Profit and Loss prior to incorporation of a company with suitable examples. 12

6. Ram Ltd. issued ₹ 25,00,000, 12% Debentures on 1st April, 2017 and the same were redeemed on 31st March, 2020 out of profit. The Debenture Redemption Reserve Stood at ₹ 9,00,000 on 1-4-2018. The company invested the required amount in Fixed Deposit in State Bank of India on 30th April, 2019 earning interest @ 9% p.a. tax was deducted on interest earned @ 10% by the bank.

   Show journal entries presuming that debentures were redeemed at a premium of 4%.

   12

# ECO–14

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम ( बी. डी. पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.–14 : लेखाविधि—II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*भारिता : 70%*

**नोट :** *(i) कुल* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(ii) प्रश्न संख्या* ***1*** *अनिवार्य है।*

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+4

(अ) अन्तरविभागीय हस्तान्तरण की लेखांकन विधि

(ब) अंशों का स्वयं क्रय

(स) पुनर्मूल्यांकन खाता

2. शाखा खाता से क्या अभिप्राय है ? शाखाओं के कितने प्रकार हैं ? इनमें लेखा करने से सम्बन्धित नियम क्या हैं ? 3+4+5

3. किन परिस्थितियों में एक फर्म का समापन होता है ? फर्म के समापन पर भुगतान क क्रम और लेखांकन विधि को समझाइए। 6+6

4. एक छोटा व्यापारी किराया क्रय पद्धति पर लागत पर 25% लाभ जोड़ते हुए माल बेचता है। निम्नलिखित सूचनाओं से उसका किराया क्रय व्यापारिक खाता 31 मार्च, 2022 वर्ष के अन्त में बनाइए : 12

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2021 | ग्राहकों के पास किराया क्रय स्टॉक (किराया क्रय मूल्य पर) | 10,000 |
| 1 अप्रैल, 2021 | देय किश्तें | 2,000 |
| 31 मार्च, 2022 | लागत मूल्य पर माल किराया क्रय पर बेचा | 24,000 |
| 31 मार्च, 2022 | देय किश्तें | 4,000 |
| 31 मार्च, 2022 | ग्राहकों से नकद प्राप्त | 30,000 |
| 31 मार्च, 2022 | ग्राहकों के पास किराया क्रय स्टॉक (किराया क्रय मूल्य पर) | 8,000 |

5. कम्पनी के समामेलन से पूर्व के लाभ या हानि पर उचित उदाहरणों सहित संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 12

6. 1 अप्रैल, 2017 को राम लिमिटेड ने ₹ 25,00,000, 12% ऋणपत्र निर्गमित किए और इनका 31 मार्च, 2020 को लाभ में शोधन किया। 01–04–2018 को ऋणपत्र संचय खाता का शेष ₹ 9,00,000 था। 30 अप्रैल, 2019 को कम्पनी ने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में समयावधि खाते में आवश्यक राशि का निवेश किया, जिस पर ब्याज पर 9% वार्षिक तथा ब्याज पर 10% की दर से कर काटा गया।

   यह मानते हुए कि ऋणपत्र 4% प्रीमियम पर शोधित किए गए, जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। 12